पत्रांक–07 / नि०बि०–22–02 / 2026..2178

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**(प्राथमिक शिक्षा निदेशालय)**

प्रेषक,

**कुमार निशांत विवेक,** भा० प्र० से०,
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

सेवामें,

**निदेशक,**
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 22/07/2026

विषय : अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी (PTM) संबंधी विज्ञापन समाचारपत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि 25 जुलाई, 2026 को राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में **"समावेशी शिक्षाः हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण"** थीम पर अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है।

अतः संलग्न विज्ञप्ति प्रारूप के अनुसार दिनांक **24 जूलाई, 2026** को राज्य के प्रमुख दैनिक समाचारपत्रों में अभिभावक शिक्षक–संगोष्ठी संबंधी विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा की जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक इस संगोष्ठी में उपस्थित हो सकें।

**अनुलग्नक :– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

**(कुमार निशांत विवेक)**
निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

ज्ञापांकः–07 / नि०बि०–22–02 / 2026.......2178....... पटना, दिनांक 22/07/2026

प्रतिलिपि :आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा।

शिक्षा विभाग

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी




25/07/26

स्थान : विद्यालय परिसर


प्रिय अभिभावकगण,

राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में दिनांक 25/07/2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (PTM) का आयोजन किया जा रहा है। इस माह की संगोष्ठी "समावेशी शिक्षा: हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण" थीम पर आधारित है।

## उद्देश्य

- अभिभावकों एवं समुदाय में समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता प्राप्त करना




PTM में आपकी सहभागिता अति आवश्यक है